https://www.mpboardonline.com

Roll No. ....................

**115**

# कक्षा 11 वीं परीक्षा, 2020-21

## [M-2901-E]

## HINDI

## हिन्दी

[Total No. of Questions: 28] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 100]

---

*निर्देश –*

*(i) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्वप्रथम हल करें।*

*(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए (1X5X5=25) अंक निर्धारित हैं।*

*(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।)*

*(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।)*

*(v) प्रश्न क्रमांक 21 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।)*

*(vi) प्रश्न क्रमांक 26 और 27 के लिए 5 – 5 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 150 शब्द है।)*

*(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए 10 अंक (7+3=10) निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 250 शब्द है।)*



https://www.mpboardonline.com

प्र.1 सही विकल्प चुनिये –

(i) 'वे आँखें' कविता में कवि ने किसके व्यथित जीवन की चर्चा की है?

(क) किसान (ख) महाजन

(ग) जमींदार (घ) स्वयं के

(ii) पंडित अलोपीदीन ने मुंशी वंशीधर को किस पद पर नियुक्त किया था?

(क) वकील (ख) दरोगा

(ग) मैनेजर (घ) शिक्षक

(iii) लता मंगेशकर के पहले चित्रपट संगीत के क्षेत्र में इस प्रसिद्ध गायिका का बोलवाला था –

(क) सलमा (ख) विलायत खाँ

(ग) नूरजहाँ (घ) गजगामिनी

(iv) 'टेढ़ी खीर' मुहावरे का अर्थ है –

(क) सरल कार्य (ख) खीर खाना

(ग) कठिन कार्य (घ) खीर न खा पाना

(v) श्रृंगार रस का स्थायी भाव है –

(क) रति (ख) हास्य

(ग) जगुप्सा (घ) रौद्र

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये –

(अ) कबीर भक्तिकाल की ..................................धारा के कवि हैं। (सगुण / निर्गुण)

(ब) ..................................बचपन से ही बड़ा बुद्धिमान था। (मोहन / धनराम)

(स) मरुभूमि में रेत की सतह के नीचे ..........................पत्थर की एक पट्टी चलती है। (खड़िया / मिट्टी)

(द) यह गौतम और गाँधी का ..................................है। (देश / प्रदेश)

(इ) रस के ..............................अंग हैं। (तीन / चार)

प्र.3 सत्य / असत्य लिखिये –

(1) मीरा के गुरु नरसी मेहता थे।

(2) 'स्पीति में बारिश' पाठ एक संस्मरण है।

(3) डायरी हमारी सबसे अच्छी मित्र होती है।

(4) लोकोक्ति को कहावत भी कहते हैं।

(5) खण्ड काव्य में जीवन का समग्र अंकन होता है।

प्र.4 सही जोडी बनाइए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | कुलनासी | (अ) | शंकर की आराधना |
| (2) | रुद्रीपाठ | (ब) | रामचरितमानस |
| (3) | राजस्थान की रजत बूँदें | (स) | बिखर जाना |
| (4) | तीन तेरह होना | (द) | कुल का नाश करने वाली |
| (5) | महाकाव्य | (इ) | अनुपम मिश्र |
| | | (ई) | गणेश जी |

प्र.5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए –

(अ) 'पतन पाप पाखंड जले' पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

(ब) जिसे क्षमा न किया जा सके–उसे एक शब्द में कहते हैं?

(स) 'लाइव' से क्या आशय है?

(द) नेहरू जी का स्वागत जनता कैसे करती थी?

(इ) चिरागॉ किसका प्रतीक है?

प्र.6 लोग मीरा को बावरी क्यों कहते हैं?

**अथवा**

कबीर ने नियम और धर्म का पालन करने वाले लोगों की किन कमियों की ओर संकेत किया है?

प्र.7 डरते हुए भी कवि ने उस किसान की आँखों की पीड़ा का वर्णन क्यों किया है?

**अथवा**

'दरख्तों का साया' और 'धूप' क्रमशः किसके प्रतीक हैं?

प्र.8 स्पीति में इतिहास क्यों कम रहा है?

**अथवा**

'दुनिया सोती थी, पर दुनिया की जीभ जागती थी' कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्र.9 चेजारो अपने सिर की रक्षा कैसे करते हैं?

**अथवा**

संवेदनशील मामलों में बड़े अफसरों की राय लेना कहाँ तक ठीक है? लिखिए।

प्र.10 अजंता की गुफाएँ किस शताब्दी की हैं?

**अथवा**

नादमय उच्चार का क्या अर्थ है? यह लता जी के गायन में किस प्रकार प्रकट हुआ है?

प्र.11 भरत मुनि के नाट्यशास्त्र के आधार पर 'नर्त्य' और 'नृत्य' में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

लोग किस क्षेत्र को 'छह–बीसी' के नाम से जानते हैं?

प्र.12 'प्रिंट मीडिया' से क्या आशय है? उसके विभिन्न प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं?

प्र.13 'मौखिक संचार' का क्या आशय है?

**अथवा**

समाचार की परिभाषा दीजिए।

प्र.14 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए–

(1) कृपया शीघ्र पत्र देने की कृपा करें।.

(2) श्री कृष्ण के अनेकों नाम हैं।

**अथवा**

अल्प विराम किसे कहते हैं? इसका प्रयोग कहाँ होता है? उदाहरण देकर समझाइए।

प्र.15 आचार्य विश्वनाथ ने काव्य की क्या परिभाषा दी है?

**अथवा**

व्यंजना शब्द शक्ति किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.16 मासिक वेतन को 'पूर्णमासी का चाँद' किसने और क्यों कहा? लिखिए।

अथवा

मियाँ नसीरुद्दीन को नानबाइयों का मसीहा क्यों कहा गया है?

प्र.17 'घर की याद' कविता में कवि ने अपने पिता की किन – किन विशेषताओं को प्रस्तुत किया है? लिखिए।

अथवा

कवि उम्र भर के लिए पलायन क्यों करना चाहता है?

प्र.18 राजस्थान के रेत की विशेषता क्या है?

अथवा

एलोरा की गुफाओं के विषय में आप क्या जानते हैं?

प्र.19 पंक्ति का भाव – विस्तार कीजिए –

"बैर क्रोध का आचार या मुरब्बा है।"

अथवा

हिन्दी में विराम चिन्हों का क्या महत्त्व है? हिन्दी में प्रयोग किए जाने वाले दो विराम चिन्हों के नाम लिखिए।

प्र.20 खण्ड काव्य की तीन विशेषताएँ बताते हुए तीन खण्ड काव्यों के नाम लिखिए।

अथवा

शब्दशक्ति की परिभाषा लिखिए तथा उसके भेद बताइए।

प्र.21 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ –प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए –

मोहन उनका चहेता शिष्य था। पुरोहित खानदान का कुशाग्र बुद्धि का बालक पढ़ने में ही नहीं, गायन में भी बेजोड़। त्रिलोक सिंह मास्टर ने उसे पूरे स्कूल का मॉनीटर बना रखा था। वही सुबह–सुबह "हे प्रभो आनंद दाता! ज्ञान हमको दीजिए।" का पहला स्वर उठाकर प्रार्थना शुरू करता था।"

अथवा

अगर कालीदास यहाँ आकर कहें कि 'अपने बहुत से सुन्दर गुणों से सुहानी लगन वाली, स्त्रियों का जी खिलाने वाली, पेड़ों की टहनियों और बेलों की सच्ची सखी तथा सभी जीवों का प्राण बनी हुई वर्षा ऋतु आपके मन की सब साधें पूरी करें ता शायद स्पीति के नर – नारी यही पूछेंगे कि यह देवता कौन है? कहाँ रहता है? यहाँ क्यों नहीं आता?

प्र.22 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए –

नाँचने के लिए खुला आँगन
गाने के लिए गीत
हँसने के लिए थोड़ी सी खिलखिलाहट
रोने के लिए मुट्ठी भर एकान्त
बच्चों के लिए मैदान
पशुओं के लिए हरी–हरी घास
बूढों के लिए पहाड़ों की शांति

<u>अथवा</u>

"बिका दिया घर द्वार
महाजन ने न ब्याज की कौड़ी छोड़ी,
रह–रह आँखों में चुभती वह,
कुर्क हुई बरधों की जोड़ी!

उजरी उसके सिवा किसे कब
पास दुहाने आने देती?
अह, आँखों में नाचा करती
उजड़ गई जो सुख की खेती!"

प्र.23 सुमित्रानंदन पंत की काव्यगत विशेषताएँ निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए –

(1) दो रचनाएँ

(2) भाव पक्ष

(3) कला पक्ष

(4) साहित्य में स्थान

**अथवा**

भवानी प्रसाद मिश्र की काव्यगत विशेषताएँ निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए–

(1) दो रचनाएँ

(2) भाव पक्ष

(3) कला पक्ष

(4) साहित्य में स्थान

प्र.24 मुंशी प्रेमचंद की साहित्यिक विशेषताएँ निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए –

(1) दो रचनाएँ

(2) भाषा शैली

(3) साहित्य में स्थान

**अथवा**

शेखर जोशी की साहित्यिक विशेषताएँ निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए –

(1) दो रचनाएँ

(2) भाषा शैली

(3) साहित्य में स्थान

प्र.25 जनसंचार की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

स्ववृत्त (बायोडाटा) लेखन से आप क्या समझते हैं? स्ववृत्त में कौन – कौन से बिन्दुओं को शामिल किया जाता है?

प्र.26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढकर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

जो साहित्य मुर्दे को जिन्दा करने वाली संजीवनी औषधि का भंडार है, जो साहित्य पतितों को उठाने वाला और उत्पीडितों के मस्तक को उन्नत करने वाला है, उसके उत्पादन और संवर्धन की चेष्टा जो गति नहीं करती वह अज्ञानांधकार की गर्त में पडी रहकर किसी दिन अपना अस्तित्व ही खो बैठती है। अतएव समर्थ होकर भी जो मनुष्य अपने महत्त्वशाली साहित्य की सेवा और श्री वृद्धि नहीं करता अथवा उसमें अनुराग नहीं रखता वह समाजद्रोही है, वह देश–द्रोही है, वह जाति–द्रोही है।

प्रश्न –

(1) उपयुक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(2) संजीवनी औषधि का भंडार क्या है?

(3) समाजद्रोही या देशद्रोही कौन है?

(4) साहित्य के संवर्धन की चेष्टा कब अपना अस्तित्व खो बैठती है?

(5) 'देशद्रोही' का विलोम शब्द लिखिए।

प्र.27 आपके क्षेत्र में अधिक वर्षा से हुए नुकसान से दुःखी पिता को सांत्वना पत्र लिखिए।

<u>अथवा</u>

अपने नगर के पोस्ट मास्टर को एक पत्र लिखकर डाकिए (पोस्टमैन) द्वारा डाक वितरण न किए जाने की शिकायत कीजिए।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए –

(1) विज्ञान और मानव

(2) बालिका शिक्षा

(3) कोविड – 19 एक समस्या

(4) स्वच्छ भारत अभियान

(ब) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए –

(1) पुस्तकालय का महत्त्व

(2) मनोरंजन के साधन

(3) ग्राम्य जीवन

(4) नवीन शिक्षा पद्धति